संक्षिप्त समाचार.....

राठौड़ बोले- सोनिया गांधी कैसे कह सकती हैं कि पीएम इंदिरा गांधी थीं और सरकार रिमोट से कोई और चला रहा था

जयपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दीपावली की तुलना ईद से करने वाले बयान को लेकर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि खरगे किसको खुश करने या किसे नाराज करने के लिए ऐसे बयान देते हैं? अब उन पर उम्र का असर साफ दिखाई देने लग रहा है। वहीं, सोनिया गांधी की किताब में संजय गांधी को लेकर किए गए खुलासों को लेकर भी मदन राठौड़ ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जब तक संजय गांधी जिंदा थे, गांधी परिवार उनके हिसाब से चलता था। अब जब वे इस दुनिया में नहीं हैं तो इमरजेंसी का पूरा दोष उन पर मढ़ा जा रहा है। यह सही नहीं है। सोनिया गांधी यह कैसे कह सकती हैं कि प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थीं और सरकार रिमोट से कोई और चला रहा था। अब मरणोपरांत उनकी आलोचना करना ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि सामूहिक निर्णयों को स्वीकार करना चाहिए। आपातकाल देश का एक काला अध्याय है। इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र की हत्या की थी। मीडिया का भी मुंह बंद किया था। उस समय कई लोगों की जबरन नसबंदी तक की गई। भारत माता की जय बोलने वाले लोगों को जेल में बंद कर दिया।

पंचायतीराज चुनाव ड्यूटी में लापरवाही पर चार वाहन मालिकों को नोटिस जारी

जयपुर। पंचायतीराज आम चुनाव के तहत निर्वाचन कार्य के लिए अधिग्रहित वाहनों के निर्धारित ड्यूटी पर उपलब्ध नहीं होने एवं निर्वाचन कार्य में व्यवधान उत्पन्न होने के मामलों में प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, जयपुर (प्रथम) ने चार वाहन मालिकों को नोटिस जारी कर तीन कार्य दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पूर्व इसी प्रकार के मामलों में तीन अन्य वाहनों के परमिट निर्लंबित किए जा चुके हैं। प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, जयपुर (प्रथम) के सचिव चम्पालाल ने बताया कि वाहन संख्या आरजे 14 टीएफ 0977 (मारुति टूर एस एसटीडी), वाहन मालिक संजय कुमार मीणा, वाहन संख्या आरजे 14 पीडी 3774 वाहन मालिक रघुवीर सिंह (स्टेज कैरिज परमिट), वाहन संख्या आरजे 14 टीजी 7802 (हुंडई ऑरा) वाहन मालिक अशोक कुमार यादव तथा वाहन संख्या आरजे 14 पीजी 1906 (टाटा बस), वाहन मालिक भरत धाबाई (संविदा वाहन परमिट) के वाहनों को पंचायतीराज चुनाव कार्य के लिए अधिग्रहित किया गया था। निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 86 के अंतर्गत संबंधित वाहनों के परमिट निलंबन अथवा निरस्तीकरण की नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जयपुर में 13 नवंबर को आयोजित होगा 'एनपीएस संचय' आउटरीच कार्यक्रम

जयपुर। पेंशन फंड रेग्युलेटर एंड डवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति राजस्थान, जयपुर के समन्वय से अग्रणी जिला प्रबन्धक - जयपुर, भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा आगामी 13 नवंबर को अजमेर रोड, सोडाला स्थित 'द फर्न हैबिटेट' में एक विशेष ' एनपीएस संचय' आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।प्रथम सत्र सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 तक आयोजित होगा। जिसमें जागरूकता प्रस्तुति और प्रश्नोत्तरी के माध्यम से किसानों, एफपीओ के सदस्यों, ग्रामीण उद्यमियों व उद्योग संघों के प्रतिभागियों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से जोड़कर मौके पर ही तुरंत सब्सक्राइबर नामांकन की सुविधा दी जाएगी। द्वितीय सत्र दोपहर 3 बजे से शाम 4:30 बजे तक आयोजित होगा। जिसमे पेंशन फंड रेग्युलेटर एंड डवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा अधिकृत एजेंसी के माध्यम से बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स और सीएससी विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर्स के लिए व्यावहारिक ऑन-बोर्डिंग प्रक्रिया और नामांकन प्रक्रिया का विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाएगा। एलडीएम, जयपुर गणेश ने बताया कि इस दौरान बैंक बीसी भी भाग ले सकेंगे ।

सरदारशहर में निजी बस व पिकअप के बीच टक्कर, दो लोगों की मौत

चूरू। जिले के सरदारशहर क्षेत्र के भानीपुरा थाना इलाके में राणासर पंवारान के पास मेगा हाइवे पर मंगलवार रात सड़क हादसा हो गया। निजी बस और पिकअप के बीच आमने-सामने हुई टक्कर में दोनों वाहनों के चालकों की मौत हो गई। वहीं, बस कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद दोनों मृतकों के शवों को जेसीबी की मदद से निकाला गया। भानीपुरा थाने के हैडकांस्टेबल बलवान ने बताया कि निजी बस चुनाव ड्यूटी के लिए श्रीगंगानगर से सरदारशहर की ओर आ रही थी। वहीं, पिकअप वाहन सब्जियां भरकर हनुमानगढ़ की तरफ जा रहा था। इसी दौरान राणासर पंवारान के पास दोनों वाहनों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और दोनों चालकों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत करते हुए जेसीबी की सहायता से दोनों वाहनों को अलग करवाया और काफी प्रयासों के बाद दोनों चालकों के शवों को बाहर निकाला।

दिवाली की रात स्टंट करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस हुई सख्त, दो गिरफ्तार

जोधपुर। दिवाली की रात शहर की सड़कों पर नियमों के अवहेलना करना और तेज रफ्तार से स्टंटबाजी करते हुए लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के मामलों को लेकर यातायात पुलिस ने कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर वायरल ऐसे वाहन चालकों और वाहनों को ढूंढ-ढूंढकर पकड़ रही है। इसके तहत कई गाड़ियों को जब्त कर ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की है। रातानाडा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में दिवाली की रात जेडीए सर्किल पर लापरवाही पूर्वक पिकअप चलाने वाले दो चालकों को गिरफ्तार किया है। दोनों गाड़ियों को भी सीज किया है। थानाधिकारी जुल्फिकार ने बताया कि जेडीए सर्किल पर दिवाली की रात दो पिकअप गाड़ियां तेज गति से एक दूसरे के आगे-पीछे चल रही थी। सर्किल पर पीछे चल रही ब्राउन कलर की पिकअप घूमते समय अचानक पलट गई। उसमें कई लोग सवार थे। इसके बाद आरोपी गाड़ी को सीधा कर वापस ले गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दो मामलों में कार्रवाई भी की है। सड़क पर वाहन चलाने वालों को नियमों की पालना करनी पड़ेगी नहीं तो जुर्माना और विधिक कार्रवाई झेलनी होगी।

इंस्टाग्राम पर दोस्ती और फिर शादी का झांसा देकर नाबालिगों से दुष्कर्म

कोटा। शहर के अनंतपुरा इलाके में दो नाबालिग बालिकाओं को बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों में आरोपी फरार थे। ऐसे में पुलिस को बुधवार को दोनों बदमाशों को पकड़ने में सफलता मिली है। इस पूरे घटनाक्रम में सभी सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आए थे। दोनों बालिकाओं को दस्तयाब कियाः एसपी तेजस्विनी गौतम ने बताया कि दोनों बालिकाओं को दस्तयाब कर लिया गया है। साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक आरोपी झालावाड़ जिले के मंडावरा निवासी 20 वर्षीय मनीष यादव है, जबकि दूसरा कोटा शहर के

देश की सबसे तेज जनशताब्दी कोटा-हजरत निजामुद्दीन का 24वां जन्मदिन, DRM ने काटा केक, फूलों से सजी ट्रेन

कोटा/एजेंसी।



कोटा से हजरत निजामुद्दीन के बीच फुल ऑक्यूपेंसी पर चलने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस को बुधवार को ट्रैक पर 24 साल हो गए हैं। इसकी शुरुआत 11 नवंबर 2002 को हुई थी। रेलवे स्टाफ ने ट्रेन का जन्मदिन मनाया है। ष्ठक्रू अनिल कालरा रेलवे स्टेशन पर सुबह 5।30 बजे ट्रेन का केक काटने पहुंचे। इस अवसर पर लोको पायलटों का भी स्वागत किया। रेलवे के फैंस ने इसकी तैयारी की थी। इसे लेकर रेलवे यार्ड में ट्रेन को फूल मालाओं से सजाया गया था। इस ट्रेन को देश की सबसे तेज जनशताब्दी के रूप में भी जाना जाता है। दिल्ली की तरफ आने-जाने वाले यात्रियों के लिए कोटा मंडल की यह सबसे लोकप्रिय ट्रेन है। रास्ते में यह 11 स्टेशनों पर रुकती है। इसका कारण कंफर्म रिजर्व टिकट मिलना, कम किराया और समय पर चलना है।

कोटा रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि ट्रेन पहली बार 11 नवंबर 2002 को संचालित हुई थी, तब इस ट्रेन में केवल आठ कोच हुआ करते थे। बाद में लगातार कोच की संख्या बढ़ती रही। वर्तमान में ट्रेन में 22 कोच चलते हैं और उसकी एवरेज स्पीड भी 76 किलोमीटर प्रति घंटा है, जबकि हाईएस्ट स्पीड 130 किमी प्रति घंटा है।

दिल्ली-मुंबई ट्रैक पर यह इस स्पीड पर चलती भी है। दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक कंप्लीशन का काम हो गया है, जल्द ही इस पर स्पीड 160 की होगी। तब जनशताब्दी की स्पीड भी बढ़ेगी। जन्मदिन मनाने के दौरान रेल प्रशंसक पीयूष शर्मा, विजय, अवनीश शर्मा, विकास ठाकुर, आकाश गुप्ता सहित अन्य पहुंचे थे। उन्होंने लोको पायलट पीके जैन, सहायक लोको पायलट राजू लाल मीणा, ट्रेन मैनेजर प्रवीण गुप्ता का अभिनंदन किया।

सजी धजी जनशताब्दी-

समय पर चलना व सीट यूनिक स्क्र मिलनाः कोटा से निजामुद्दीन तक 458 किलोमीटर का सफर यह 6 घंटे में पूरा करती है। यह ट्रेन कोटा से सुबह 6।10 बजे रवाना होकर दोपहर 12।10 बजे निजामुद्दीन पहुंच जाती है। वापसी में हजरत निजामुद्दीन से दोपहर 12।45 पर रवाना होकर शाम 6।55 पर कोटा पहुंच जाती है। ट्रेन करीब 90 फीसदी तक समय पर चलती है। यह कोहरे, ट्रैक मेंटेनेंस या तकनीकी कारण से लेट या री-शेड्यूल होती है। इसमें दो श्रेणी के कोच हैं, जिनमें वातानुकूलित चेयर कार और सामान्य सेकंड सीटिंग चेयर कार है। इस ट्रेन में फेस्टिवल सीजन को छोड़कर आसानी से रिजर्व सीट मिल जाती है।

आरएसएस का मरू निनाद शिविर कल से जोधपुर में, समापन पर जनसमूह को संबोधित करेंगे भागवत

जोधपुर/एजेंसी।



शिकारपुरा स्थित श्रीराजाराम आश्रम में गुरुवार से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य मरू निनाद घोष वर्ग शिविर शुरू होगा। इस वर्ग में लगभग 5,000 शिक्षार्थी भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त व्यवस्था, शिक्षण एवं प्रबंधन की दृष्टि से लगभग 500 शिक्षक एवं अधिकारी वर्ग पूरी अवधि में शिविर परिसर में उपस्थित रहेंगे।

प्रांत संघचालक हरदयाल वर्मा ने बताया कि घोष वर्ग का समापन 15 नवंबर को राजाराम आश्रम में होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ। मोहन भागवत मुख्य अतिथि होंगे और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। शिविर में 13 जिलों के स्वयंसेवक भाग लेंगे। वर्मा ने बताया कि इससे पहले 2014 में घोष वर्ग का आयोजन हुआ था।

तीन दिन बिना मोबाइल रहेंगे स्वयंसेवक : वर्मा ने बताया कि आयोजन को लेकर प्रबंधकों और व्यवस्थापकों ने अपनी जिम्मेदारियां संभाल ली। तैयारियां पूर्ण कर ली। वर्ग के दौरान अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इसके तहत सभी शिविरार्थियों के मोबाइल फोन जमा रहेंगे। शिविर परिसर में स्वच्छता और सभी शिक्षार्थियों के स्वास्थ्य व प्राथमिक चिकित्सा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

14 को निकलेगा तीन मार्गों पर घोष संचलनः इसके तहत 14 नवंबर को शाम 4 बजे शहर में घोष संचलन निकाला जाएगा। संचलन एक साथ तीन निर्धारित मार्गों से रवाना होगा, जो लगभग 50 मिनट में गंतव्य तक पहुंचेगा। इसमें पहला संचलन सुमेर स्कूल से प्रारंभ होकर पुराना स्टेडियम तक, दूसरा संचलन पुराना स्टेडियम से गांधी मैदान तक एवं तीसरा संचलन गांधी मैदान से प्रारंभ होकर केशव परिसर (प्रताप नगर) तक चलेगा।

ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफ स्टाइल वीक के तहत राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग में पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई

जयपुर/एजेंसी।



ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफ स्टाइल वीक के अंतर्गत राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के निदेशालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं सतत जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अतिरिक्त निदेशक (सिस्टम) सुनील चंद बंसल ने विभाग के कार्मिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, ऊर्जा एवं जल संरक्षण करने, पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने तथा ई-वेस्ट को कम करने की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी कार्मिकों को पर्यावरण संरक्षण के लिए दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव अपनाने तथा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। ऊर्जा संरक्षण अभियान के तहत विभाग में मध्याह्न 1:15 बजे से 2:15 बजे तक एक घंटे के लिए विद्युत आपूर्ति बंद रखी गई। इस पहल के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अनावश्यक विद्युत उपयोग को कम करने का संदेश दिया गया।

संयुक्त निदेशक, जनसम्पर्क मनीता राठौड़ ने बताया कि कार्यक्रम में संतोष अमिताभ (अतिरिक्त निदेशक), रामपाल परसोया (अतिरिक्त निदेशक), राजकुमार शिवानी (अतिरिक्त निदेशक), सुरेश कुमार पुनियां (अतिरिक्त निदेशक), चन्द्रशेखर मिश्रा एवं आलोक अग्निहोत्री (अतिरिक्त निदेशक),, मीनाक्षी चौधरी (संयुक्त निदेशक) एवं इन्द्र कुमार भानु (संयुक्त निदेशक) सहित विभाग के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

जयपुर की सेंट्रल जेल में मना भाई-बहन के प्रेम का पर्व, बहनों ने की जल्द बाहर आने की दुआ

जयपुर/एजेंसी।



देश भर में भाई दूज का त्योहार बुधवार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। जयपुर सेंट्रल जेल में भी भाई-बहन के प्रेम का पर्व भाई दूज पारंपरिक तरीके से मनाया गया। बड़ी संख्या में बहनें जयपुर सेंट्रल जेल में बंद अपने भाइयों से मिलने पहुंचीं। बहनों ने तिलक लगाकर भाई की सलामती और जल्द जेल से बाहर आने की दुआएं मांगीं। बहनों ने भाइयों को मिठाई खिलाकर भाई दूज का पर्व मनाया। जेल में बंद देखकर महिलाएं भावुक हो गईं। जयपुर सेंट्रल जेल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट विल्सन शर्मा ने बताया कि जयपुर सेंट्रल जेल में सामान्य मुलाकात के अलावा रक्षाबंधन और भाई दूज का पर्व भी मनाया जाता है। भाई दूज के अवसर पर बहनों को जाली के अलावा गेट के अंदर भाइयों से मुलाकात करवाई गई। सलाखों के बाहर से महिलाएं अपने भाइयों का तिलक करके भाई दूज की रस्म निभाई।

सलाखों के पीछे खड़े भाइयों से मिलती बहनें - महिलाओं को अनुशासित तरीके से अंदर प्रवेश दिया गया। अधिकतम 1 किलो मिठाई लाने की अनुमति दी गई है। जेल परिसर में सुरक्षा व्यवस्थाओं के विशेष इंतजाम किए गए हैं। ब्रह्म और सुरक्षा कर्मियों का अतिरिक्त जाप्ता लगाया गया। महिलाओं को बाहर बैठने के लिए टेंट, कुर्सी और पानी की व्यवस्था की गई। सुबह 8।00 से शाम 4।30 तक महिलाओं के लिए मुलाकात का समय रखा गया ।

मिठाई लेकर जाती महिला- जयपुर सेंट्रल जेल में भाई दूज के मौके पर राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों से काफी संख्या में बहनें भाइयों से मिलने पहुंचीं। दूर-दूर से आई बहनों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसको ध्यान में रखते हुए जेल प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा के बीच खास इंतजाम किए गए।

मुख्यमंत्री का जैसलमेर दौरा,

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किए तनोट माता के दर्शन



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जैसलमेर के तनोट माता मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना की।

इस अवसर पर विधायक छोटू सिंह भाटी, सीमा सुरक्षा बल राजस्थान फ्रंटियर के आईजी डॉ. विकास पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बीएसएफ के अधिकारीगण उपस्थित रहे। इससे पहले बीएसएफ के जवानों ने मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

सगा नहीं तो बिहारी जी को बना लिया भाई, मीनाक्षी 13 तो गीता 30 साल से निभा रहीं बहन का रिश्ता

भरतपुर/एजेंसी। भाई दूज पर बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं। भाई भी बहनों को उपहार देकर उनके प्रति अपना स्नेह जताते हैं। भरतपुर में आस्था और अपनत्व की दो ऐसी कहानियां हैं, जहां रिश्ते खून के नहीं, बल्कि विश्वास के धागों से बंधे हैं। यहां दो महिलाएं भगवान श्री बांके बिहारी जी को अपना भाई मानती हैं। एक के लिए ठाकुरजी बचपन से भाई हैं तो दूसरी ने जीवन के हर सुख-दुख में उन्हें अपना सहारा बनाया है। दिल्ली की मीनाक्षी पिछले 13 वर्षों से और गीता अग्रवाल पिछले 30 वर्षों से भाई दूज पर बिहारी जी के साथ बहन का यह रिश्ता निभा रही हैं।



13 साल से दिल्ली से भरतपुर आ रही हैं मीनाक्षी : दिल्ली के रेलवे ऑडिट विभाग में कार्यरत मीनाक्षी का कहना है कि उनका कोई सगा भाई नहीं है। बचपन में मां के ननिहाल भरतपुर आने पर वह अपनी नानी के साथ बिहारी जी के दर्शन करने आती थीं। धीरे-धीरे ठाकुरजी से ऐसा जुड़ाव हुआ कि उन्हें अपना भाई ही मान लिया। शादी के बाद भी यह सिलसिला नहीं टूटा। पिछले 13 वर्षों से वह नियमित रूप से दिल्ली से भरतपुर आती हैं। रक्षाबंधन पर राखी बांधती हैं और भाई दूज पर सबसे पहले बिहारी जी का तिलक करती हैं। मीनाक्षी बताती हैं कि उनके मामा और मौसी के बच्चों के साथ भी भाई-बहन का रिश्ता है। वह उन्हें राखी बांधती हैं और भाई दूज पर तिलक भी करती हैं, लेकिन सबसे पहले अपने बिहारी जी का तिलक करती हैं। उनका कहना है कि अब उन्हें सगे भाई की कमी महसूस नहीं होती। ठाकुरजी का साथ और अपनापन उनके लिए किसी भाई से कम नहीं है।

कोरोना में बंद थे मंदिर के रास्ते, घर पर दिए दर्शन : मीनाक्षी की आस्था से जुड़ा एक प्रसंग कोरोना काल का है, जिसे याद करते हुए वह भावुक हो जाती हैं। उस समय मंदिरों में प्रवेश बंद था। ट्रेनें और सार्वजनिक परिवहन सेवाएं भी ठप थीं। ऐसे में भरतपुर आकर बिहारी जी के दर्शन करना संभव नहीं था। एक दिन सुबह करीब साढ़े तीन बजे वह अपने घर पर लेटी हुई थीं। पानी पीकर आंखें बंद की और नींद पूरी तरह नहीं आई थी। उनका कहना है कि इसी दौरान उन्हें अपने सिरहाने दो आकृतियां खड़ी दिखाई दीं।

कर्नाटक की राज्यपाल बोलीं- डॉ. जसवंत ने विधायी कार्यों की बारीकियां सिखाई, पूनिया बोले- व्यावहारिक राजनीति के थे आइकॉन

अलवर/एजेंसी। कर्नाटक की राज्यपाल डॉ। सुधा यादव ने कहा कि डॉ। जसवंत यादव का जाना प्रदेश के लिए बड़ी क्षति है, उनकी भरपाई होना मुश्किल है। उन्होंने जननेता के रूप में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि डॉ। यादव से विधायी कार्य के साथ कई चीजें सीखीं जो आगे चलकर काम आई।



राज्यपाल डॉ। यादव बुधवार को अलवर स्थित डॉ। यादव के निवास पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंची थीं। वहीं, राज्यसभा सांसद व पंजाब प्रभारी डॉ। सतीश पूनिया भी जसवंत यादव को श्रद्धांजलि देने के लिए बुधवार को अलवर उनके निवास पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने डॉ। जसवंत यादव की पत्नी डॉ। किरण यादव व बेटे मोहित यादव को ढांढस बंधाया। कर्नाटक की राज्यपाल डॉ। यादव ने पत्रकारों से कहा कि जब वे पहली बार सांसद बनी थीं, तब डॉ। जसवंत यादव भी सांसद निर्वाचित हुए थे। उन्हें राजनीति का अनुभव था, वह पहले विधायक भी रह चुके थे। उन्होंने कहा कि शुरुआती समय में डॉ। जसवंत यादव ने लेजिस्लेशन कार्य के साथ कई चीजें उन्हें सिखाई। डॉ। जसवंत यादव को याद करते हुए राज्यपाल डॉ। सुधा यादव ने कहा कि वे दमदार व जमीनी नेता थे।

दिल से करते थे बातः कर्नाटक की राज्यपाल डॉ। सुधा यादव ने कहा कि डॉ। जसवंत यादव दिल से बात करते थे। डॉ। यादव धमकाते तो दिल से धमकाते और पुचकारते थे तो भी दिल से। ऐसे नेता का स्वाभाविक है, इस तरीके से जाना पार्टी सहित प्रदेश के लिए बड़ी क्षति है। उनकी भरपाई बहुत मुश्किल है, लेकिन जो उन्होंने जीवित रहते हुए कार्य किया है, वह सबके लिए सीखने लायक है। उन्होंने कहा कि मोहित यादव को अपने पिता के कदमों पर चलकर क्षेत्र की सेवा करनी चाहिए।

उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि.
CIN: U64990HR2016PTC057984
पंजीकृत कार्यालय: यूनिट 2009-14, 20वीं मंजिल, मैग्नम ग्लोबल पार्क, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर-58, गुरुग्राम (हरियाणा)- 122011

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु पश्चातवर्ती विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अंतर्गत अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु पश्चातवर्ती विक्रय सूचना के लिए ई-नीलामी

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(ओं)/सह-कर्जदारों/जमानतदार(ओं) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जिसका भौतिक कब्ज़ा मैसर्स उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक 08.08.26 को लिया जा चुका है, उक्त प्रतिभूत/बंधक आस्तियों का विक्रय ई-नीलामी के माध्यम से "जहाँ है जैसा है", "जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जाएगा ।

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हम HTTPS://WWW.BANKEAUCTIONS.COM के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं ।

संपत्ति का विवरण :
आवासीय संपत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश, जिसका पट्टा नं. 27 दिनांक 05-03-2024, संकल्प नं. 01 दिनांक 05-03-2024, खसरा नं. 303, ग्राम बीकरण, ग्राम पंचायत बीकरण, पंचायत समिति एवं तहसील मांडलगढ़, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान में स्थित है। कुल क्षेत्रफल 875 वर्ग फुट। **सीमाएँ: - पूर्व-** प्यारा पुत्र राजू माली की संपत्ति, **पश्चिम-** रतन पुत्र लादू भील की संपत्ति, **उत्तर-** आम रास्ता, **दक्षिण-** मुकेश की संपत्ति

कर्जदार/जमानतदार का नाम एवं पता	1. नीलामी की तिथि एवं समय 2. धरोहर राशि (EMD) जमा करने की अंतिम तिथि 3. संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	1. आरक्षित मूल्य 2. संपत्ति की धरोहर राशि (EMD) 3. बोली वृद्धि राशि
1. लादू भील पुत्र राजू भील (कर्जदार) 2. रोडी पत्नी लादू भील (सह-कर्जदार) दोनों निवासी- बीकरण, भीलवाड़ा, राजस्थान-311604 **ऋण खाता सं. LXSHP02924-250037020 ऋण अनुबंध दिनांक : 18-मई-2024 ऋण राशि रु. 3,20,000/- दिनांक 06-अगस्त-2026 तक कुल बकाया राशि रु. 4,53,300.34/- + दिनांक 07-अगस्त-2026 से आगे का ब्याज एवं अन्य प्रभार**	**1) नीलामी तिथि- 30.11.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक, 5 मिनट के असीमित विस्तार सहित 2) केवाईसी सहित धरोहर राशि (EMD) जमा करने की अंतिम तिथि 28.11.2026 सायं 5:00 बजे तक (IST) 3) निरीक्षण की तिथि : 26.11.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक (IST)**	**आरक्षित मूल्य : रु. 4,55,000/- धरोहर राशि जमा (EMD): रु. 45,500/- बोली वृद्धि राशि : रु. 10,000/- एवं उसके गुणकों में ।**

नीलामी के नियम एवं शर्तें
बोली दस्तावेज़, घोषणा पत्र, ऑनलाइन नीलामी विक्रय के सामान्य नियम एवं शर्तें सेवा प्रदाता की वेबसाइट अर्थात https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध हैं । इच्छुक बोलीदाता सहायता नं. 7291981124, 25, 26 पर तथा श्री भाविक पंड्या 8866682937 से संपर्क कर सकते हैं, सहायता ईमेल आईडी: support@bankeauctions.com (सेवा प्रदाता **सी 1** इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) अथवा auction@ummeedhfc.in, तथा संपत्ति संबंधी किसी भी पूछताछ के लिए उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि. से **संपर्क नं. -18002026127** पर संपर्क कर सकते हैं ।

दिनांक : 12-नवंबर-2026
स्थान : गुरुग्राम, हरियाणा

ह./- प्राधिकृत अधिकारी, टोल फ्री नं. 1800-2026-127
कृते उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, **सम्पादक अमृत जैन के लिये,** यंगलीडर प्रेस से मुद्रित 2073, चाकसू का चौक, घी वालों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर से प्रकाशित। **मो. 9868155089, 9829193560 फोन नं. 0141-2570653 (RNI No. RAJHIN/2004/12833)**